Roll No.----------------------

| Paper Code | | |
|---|---|---|
| 6 | 5 | 6 |

(To be filled in the OMR Sheet)

प्रश्नपुस्तिका क्रमांक
Question Booklet No.

O.M.R. Serial No.

प्रश्नपुस्तिका सीरीज
Question Booklet Series
**D**

# B.Ed. (First Semester) Examination, March/April-2021-22

## (B.Ed. 103)

## Psychological Perspectives of Education

**Time : 1:30 Hours** **Maximum Marks-100**

**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्नपुस्तिका को न खोलें**

**निर्देश : –**

1. परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्नपुस्तिका की सीरीज का विवरण यथास्थान सही– सही भरें, अन्यथा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में उसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
2. **इस प्रश्नपुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिनमे से केवल 75 प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों द्वारा दिये जाने है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही उत्तर सही है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, अपने उत्तर पत्रक (O.M.R. ANSWER SHEET)में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले या नीले बाल प्वांइट पेन से पूरा भर दें। यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित प्रश्नों से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाते हैं तो उसके द्वारा हल किये गये प्रथमतः यथा निर्दिष्ट प्रश्नोत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा।**
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आप के जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
4. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर ही दिये जाने हैं। उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
5. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाय।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी प्रश्नपुस्तिका बुकलेट एवं ओ०एम०आर० शीट पृथक–पृथक उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें।
7. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

656

महत्वपूर्ण : – **प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जॉच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभॉति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**

1. Teacher should study educational psychology so that he / she can-
   (A) Understand the students
   (B) Make the learning process effective
   (C) Choose appropriate teaching methods
   (D) All of the above

2. "Educational Psychology is the foundation stone is the preparation of Teachers." This statement is given by-
   (A) Crow and Crow
   (B) John Adams
   (C) Thorndike
   (D) Skinner

3. Who divided traits in to surface and source traits?
   (A) Allport
   (B) Eysenck
   (C) Cattell
   (D) Kretschmer

4. According to all port, which of the following is not a disposition of personal traits?
   (A) Rational Disposition
   (B) Control Disposition
   (C) Cardinal Disposition
   (D) Secondary Disposition

1. शिक्षक को शिक्षा मनोविज्ञान का अध्ययन करना चाहिए जिससे वह–
   (A) छात्रों को समझ सके
   (B) अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बना सके
   (C) उपयुक्त शिक्षण विधियों का चयन कर सके
   (D) उपरोक्त सभी

2. "शिक्षा मनोविज्ञान अध्यापकों की तैयारी की आधारशिला है" यह कथन किसने कहा?
   (A) क्रो एवं क्रो
   (B) जान एडम्स
   (C) थार्नडाइक
   (D) स्किनर

3. शीलगुणों को किसने सतही तथा स्रोत शीलगुणों में विभाजित किया?
   (A) आलपोर्ट
   (B) आईजेन्क
   (C) कैटल
   (D) क्रेचमर

4. आलपोर्ट के अनुसार निम्न में से कौन व्यक्तिगत शील गुणों की प्रवृत्ति नहीं है?
   (A) तार्किक प्रवृत्ति
   (B) केन्द्रीय प्रवृत्ति
   (C) प्रमुख प्रवृत्ति
   (D) गौण प्रवृत्ति

5. Which statistical Technique is used to know the variable or dimensions of personality?

(A) Central Tendency

(B) Correlation

(C) Factor Analysis

(D) Analysis of Variance

5. व्यक्तित्व के चरों या विभाओं को जानने के लिए किस सांख्यिकीय प्रविधि का प्रयोग किया जाता है?

(A) केन्द्रीय प्रवृत्ति

(B) सहसम्बन्ध

(C) कारक विश्लेषण

(D) प्रसरण विश्लेषण

6. Into how many categories has Cattell divided dynamic traits?

(A) 2

(B) 16

(C) 12

(D) 3

6. कैटल ने गत्यात्मक शीलगुणों को कितने भागों में बाँटा?

(A) 2

(B) 16

(C) 12

(D) 3

7. Which hormones are called emergency hormones?

(A) Noradrenaline

(B) Adrenaline

(C) Insulin

(D) Glucagon

7. किस हार्मोन्स को आपातिक हार्मोन्स कहा जाता है?

(A) नोर एड्रिनैलिन

(B) एड्रिनैलिन

(C) इन्सुलिन

(D) ग्लूकागान

8. Which gland is called the 'master gland'?

(A) Pituitary Gland

(B) Adrenal Gland

(C) Thyroid Gland

(D) Sex Gland

8. किस ग्रन्थि को 'मास्टर ग्रन्थि' कहा जाता है?

(A) पीयूष ग्रन्थि

(B) अधिवृक्क ग्रन्थि

(C) कण्ठ ग्रन्थि

(D) यौन ग्रन्थि

9. The teacher has to teach mathematics to the student, the knowledge of educational psychology is necessary for the teacher because by this he-

(A) Will be able to know the student
(B) Will be able to know mathematics
(C) Will be able to know the teaching skills
(D) All of the above

9. अध्यापक को छात्र को गणित पढ़ाना है, अध्यापक को शिक्षा मनोविज्ञान का ज्ञान आवश्यक है क्योंकि इससे वह–

(A) छात्र को जान सकेगा
(B) गणित को जान सकेगा
(C) शिक्षण कौशल को जान सकेगा
(D) उपरोक्त सभी

10. An example of learning is-

(A) Secretion of saliva by dog after seeing food
(B) Secretion of saliva by infant after seeing food
(C) Swimming of dog
(D) Swimming of infant

10. सीखने का एक उदाहरण है–

(A) भोजन देखकर कुत्ते द्वारा लार निकालना
(B) भोजन देखकर शिशु द्वारा लार निकालना
(C) कुत्ते का तैरना
(D) शिशु का तैरना

11. At what stage dress the child perceive inanimate objects as living?

(A) Pre conceptual stage
(B) Intuitive stage
(C) Stage of concrete operation
(D) Stage of formal operation

11. किस अवस्था में बालक निर्जीव वस्तुओं को सजीव समझता है?

(A) पूर्व–प्रत्ययात्मक अवस्था
(B) अन्तर्देशीय अवस्था
(C) ठोस संक्रिया अवस्था
(D) औपचारिक संक्रिया अवस्था

12. The sound of the bell in Pavlov's experiment is-

(A) Unconditioned stimulus
(B) Unconditioned Response
(C) Conditioned stimulus
(D) Conditioned Response

12. पावलाव के प्रयोग में घण्टी की आवाज है–

(A) अ–अनुबन्धित उद्दीपक
(B) अ–अनुबन्धित अनुक्रिया
(C) अनुबन्धित उद्दीपक
(D) अनुबन्धित अनुक्रिया

13. In Maslow's hierarchy of need, second level of need is?
(A) Esteem
(B) Love and belonging
(C) Safety
(D) Physiological

13. मास्लो के आवश्यकता अनुक्रम में द्वितीय स्तर की अवश्यकता है?
(A) सम्मान
(B) प्रेम और जुड़ाव
(C) सुरक्षा
(D) शारीरिक

14. Which of the following was not a type of intelligence in Gardner's intelligence theory?
(A) Musical intelligence
(B) Linguistic intelligence
(C) Logical-Mathematical intelligence
(D) Perceptual intelligence

14. निम्न में से कौन गार्डनर के बुद्धि सिद्धान्त में बुद्धि का एक प्रकार नहीं है?
(A) संगीतिक बुद्धि
(B) भाषाई बुद्धि
(C) तार्किक–गणितीय बुद्धि
(D) प्रत्यक्षज्ञानात्मक बुद्धि

15. "Personality is the dynamic organization within the individual of those psychophysical systems that determine his characteristic behaviour and thought". who said this-
(A) Eysenck
(B) Guilford
(C) Cattell
(D) Allport

15. "व्यक्तित्व व्यक्ति के अन्दर उन मनोशारीरिक तन्त्रों का गत्यात्मक संगठन है जो उसके विशिष्ट व्यवहार और विचारों का निर्धारण करता है" यह किसने कहा–
(A) आइजेन्क
(B) गिलफोर्ड
(C) कैटल
(D) आलपोर्ट

16. The determining factor of Personality is-
(A) Biological factors
(B) Environmental factors
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

16. व्यक्तित्व का निर्धारक कारक है–
(A) जैविक कारक
(B) पर्यावरणीय कारक
(C) (A)और (B) दोनों
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

17. Which is not a dimension of creativity?
(A) Punctuality
(B) Flexibility
(C) Originality
(D) Fluency

17. सृजनात्मकता की कौन एक विमा नहीं है?
(A) नियमितता
(B) विविधता
(C) मौलिकता
(D) प्रवाह

18. Which factor did Vygotsky consider most important for learning?
(A) Physical
(B) Emotional
(C) Moral
(D) Social

18. व्यगोत्स्की ने सीखने के लिए किस कारक को सबसे महत्वपूर्ण माना?
(A) शारीरिक
(B) सांवेगिक
(C) नैतिक
(D) सामाजिक

19. Who first gave the theory of moral development?
(A) Jean Piaget
(B) Lawrence Kohlberg
(C) Jerome Bruner
(D) Wolfgang Kohler

19. नैतिक विकास का सबसे पहले सिद्धान्त किसने दिया?
(A) जीन पियाजें
(B) लारेन्स कोहलबर्ग
(C) जीरोम ब्रूनर
(D) वोल्फगैंग कोहलर

20. Who first used the formula of intelligence quotient?
(A) Binet
(B) Terman
(C) Guilford
(D) Cattell

20. बुद्धि लब्धि के सूत्र का उपयोग सबसे पहले किसने किया?
(A) बिने
(B) टर्मन
(C) गिलफोर्ड
(D) कैटल

21. Development is a-

(A) Progressive series of change

(B) Retrogressive series of change

(C) Type of Growth

(D) All of these

21. विकास है.–

(A) परिवर्तन की प्रगतिशील श्रृंखला

(B) परिवर्तन की प्रतिगामी श्रृंखला

(C) अभिवृद्धि का प्रकार

(D) इनमें से सभी

22. Skinner worked on?

(A) Operant Conditioning

(B) Classical Conditioning

(C) Type-s Conditioning

(D) Respondent Conditioning

22. स्किनर ने किस पर अपना कार्य किया?

(A) क्रिया प्रसूत अनुबन्धन

(B) शास्त्रीय अनुबन्धन

(C) Sप्रकार का अनुबन्धन

(D) प्रतिवादी अनुबन्धन

23. If the means by which the goal was achieved becomes the goal, what is it called by Allport?

(A) Reinforcement

(B) Reflex Action

(C) Functional Autonomy

(D) Common trait

23. यदि जिस साधन द्वारा लक्ष्य प्राप्त किया गया था, वह खुद लक्ष्य बन जाय तो इसे आलपोर्ट ने क्या कहा?

(A) पुनर्बलन

(B) सहज क्रिया

(C) कार्यात्मक स्वायत्तता

(D) सामान्य शील गुण

24. Who propounded the theory of personality on the basis of expression of traits on bipolar dimensions?

(A) Eysenck

(B) Allport

(C) Freud

(D) Jung

24. शीलगुणों को द्विध्रुवीय विमाओं पर व्यक्त कर किसने व्यक्तित्व का सिद्धान्त दिया?

(A) आइजेन्क

(B) आलपोर्ट

(C) फ्रायड

(D) जुंग

25. Vygotsky's socio-cultural theory belongs to the school of psychology-

(A) Behaviourism
(B) Gestaltism
(C) Constructivism
(D) Functionalism

25. व्यगोत्स्की का सामाजिक –सांस्कृतिक सिद्धान्त किस मनोवैज्ञानिक सम्प्रदाय से सम्बन्धित है–

(A) व्यवहारवाद
(B) समग्रवाद
(C) संरचनावाद
(D) प्रकार्यवाद

26. When a child faces difficulty in solving a problem, the teacher provides necessary prompts to overcome his difficulty, is called-

(A) Pear tutoring
(B) Reinforcement
(C) Scaffolding
(D) Feedback

26. जब कोई बच्चा किसी समस्या को हल करने में कठिनाई का सामना करता है तो अध्यापक उसकी कठिनाई को दूर करने के लिए उसे आवश्यक संकेत प्रदान करता है, इसे क्या कहते है–

(A) समकक्षी शिक्षण
(B) पुनर्बलन
(C) मचान निर्माण
(D) प्रतिपुष्टि

27. Tests that measure flexibility of thought are called-

(A) Divergent thinking Test
(B) Convergent thinking Test
(C) Inductive reasoning Test
(D) Deductive reasoning Test

27. विचारों मेंवैविध्य का मापन करने वाला परीक्षण कहा जाता है–

(A) अपसारी चिन्तन परीक्षण
(B) अभिसारी चिन्तन परीक्षण
(C) आगमन तर्क परीक्षण
(D) निगमन तर्क परीक्षण

28. Zone of proximal development is-

(A) The intelligence level of the child

(B) What the child already knows

(C) As much as the child can know

(D) The gap between what the child can do on their own and what they Cannot do without assistance

28. समीपस्थ विकास क्षेत्र क्या है–

(A) किसी बच्चे का बौद्धिक स्तर

(B) बच्चा पहले से क्या जानता है

(C) बच्चा जितना जान सकता है

(D) बच्चा स्वयं जितना कर सकता है और जितना बिना किसी सहायता के नहीं कर सकता, इन दोनों के बीच का अन्तर

29. Group factor theory of intelligence was given by?

(A) Spearman

(B) Thorndike

(C) Guilford

(D) Thurstone

29. बुद्धि का समूह कारक सिद्धान्त किसने दिया?

(A) स्पीयरमैन

(B) थार्नडाइक

(C) गिलफोर्ड

(D) थर्स्टन

30. Which one of the following is not a characteristic of 'G factor' of two – factor theory?

(A) It is inborn ability

(B) It is general mental ability

(C) It is acquired from the environment

(D) It is used more is daily life activities

30. निम्न में से कौन द्विकारक सिद्धान्त के 'द कारक' की विशेषता नहीं है ?

(A) यह जन्मजात योग्यता हैं

(B) यह सामान्य मानसिक योग्यता है

(C) यह वातावरण से अर्जित होता है

(D) इसका दैनिक जीवन के कार्यों में अधिक उपयोग होता है

31. The number of dimensions in Guilford structure of intellect is?

(A) 2

(B) 3

(C) 4

(D) 5

31. गिलफोर्ड के बुद्धि संरचना में कितनी विमाएं हैं?

(A) 2

(B) 3

(C) 4

(D) 5

32. "Adolescence is a period of great stress, strain, storm and strife" is said by-

(A) J.B. Watson

(B) E.L.Thorndike

(C) G.S. Hall

(D) S. Freud

32. "किशोरावस्था बड़े संघर्ष तनाव, तूफान तथा विरोध की अवस्था है" किसने कहा–

(A) जे०बी० वाटसन

(B) ई०एल० थार्नडाइक

(C) जी०एस० हाल

(D) एस० फ्रायड

33. Causes of individual difference are-

(A) Heredity

(B) Environment

(C) Age

(D) All of these

33. वैयक्तिक भिन्नता के कारण है–

(A) आनुवांशिकता

(B) वातावरण

(C) आयु

(D) उपरोक्त सभी

34. The proverb 'Do not know how to dance, but to say that the courtyard is crooked' is an example of-

(A) Aggressive Method

(B) Projection

(C) Repression

(D) Becoming dependent

34. 'नाच न आये' आँगन टेढ़ा' की कहावत एक उदाहरण है–

(A) आक्रामक उपाय

(B) प्रक्षेपण

(C) दमन

(D) आश्रित होना

35. According to Piaget the third stage of cognitive development is-
(A) Sensory motor
(B) Concrete operational
(C) Formal operational
(D) Pre-operational

35. पियाजे के संज्ञानात्मक विकास स्तर का तृतीय स्तर है–
(A) संवेदी गामक
(B) मूर्त से क्रियात्मक
(C) औपचारिक संक्रियात्मक
(D) पूर्व–संक्रियात्मक

36. 'Building' an air palace' is an example of-
(A) Anxiety
(B) Identification
(C) Regression
(D) Day-dreaming

36. 'हवाई महल बनाना' किसका उदाहरण है–
(A) चिन्ता
(B) तादात्म्य स्थापित करना
(C) प्रतिगमन
(D) दिवा–स्वप्न

37. Narcissism means-
(A) Auto-eroticism
(B) Homo-sexuality
(C) Hetero-sexuality
(D) Love for all

37. नार्सीसिज्म का तात्पर्य है–
(A) स्व–कामुकता
(B) सम लिंगी कामुकता
(C) विषम लिंगी कामुकता
(D) सभी के लिए प्रेम

38. If the thing learned Earlier starts to be forgotten due to the thing learned later, then it is called-
(A) Pro-active Negative transfer of learning
(B) Retro-active Negative transfer of learning
(C) Lateral transfer of Learning
(D) Bi-lateral transfer of Learning

38. पहले सीखी गयी कोई चीज बाद में सीखी गयी चीजों के कारण भूलने लगती है तो उसे कहते है–
(A) प्रतिलक्षी नकारात्मक स्थानान्तरण
(B) पूर्वलक्षी नकारात्मक स्थानान्तरण
(C) पार्श्विक स्थानान्तरण
(D) द्वि पार्श्विक स्थानान्तरण

39. Who gave the theory of Identical elements of transfer of learning?
(A) Thorndike
(B) Spearman
(C) Crow and crow
(D) Guilford

39. सीखने के स्थानान्तरण सम्बन्धी समान तत्वों का सिद्धान्त किसने दिया?
(A) थार्नडाइक
(B) स्पीयरमैन
(C) क्रो एवं क्रो
(D) गिलफोर्ड

40. Which stage is called the stage of pseudo maturity?
(A) Infancy
(B) Childhood
(C) Adolescence
(D) Adulthood

40. किस अवस्था को मिथ्या परिपक्वता की अवस्था कहा जाता है?
(A) शैशवावस्था
(B) बाल्यावस्था
(C) किशोरावस्था
(D) प्रौढ़ावस्था

41. The fourth element of the cognitive motivational cycle in human is-
(A) Learning
(B) Achievement
(C) Cognition
(D) Existence

41. मानव के संज्ञानात्मक अभिप्रेरणात्मक चक्र में चौथा तत्व है–
(A) अधिगम
(B) उपलब्धि
(C) संज्ञान
(D) अस्तित्व

42. Which Statement is true regarding need and drive?
(A) Both are synonyms
(B) Both are parallel
(C) There is no relation between these two terms
(D) None of the above statements are true

42. आवश्यकता और प्रणोद के सम्बन्ध में कौन सा कथन सत्य है?
(A) दोनों समानार्थी हैं
(B) दोनों समान्तर हैं
(C) दोनों पदों के मध्य आपस में कोई सम्बन्ध नहीं हैं
(D) उपरोक्त में से कोई कथन सत्य नहीं है

43. Need is-

(A) Deficiency of something in body

(B) Excess of something in body

(C) Deficiency or Excess of something in body

(D) None of these

43. आवश्यकता है–

(A) शरीर में किसी चीज की कमी

(B) शरीर में किसी चीज की अधिकता

(C) शरीर में किसी चीज की कमी या अधिकता

(D) इनमें से कोई नहीं

44. What type of motive is hunger?

(A) Acquired

(B) Primary

(C) Secondary

(D) Sociogenic

44. भूख किस प्रकार का अभिप्रेरक है?

(A) अर्जित

(B) प्राथमिक

(C) द्वितीयक

(D) सामाजिक

45. What is the similarity in heredity of identical twins?

(A) 100%

(B) 50%

(C) 80%

(D) 60%

45. एकांकी जुड़वा बच्चों की आनुवांशिकता में कितनी समानता होती है?

(A) 100%

(B) 50%

(C) 80%

(D) 60%

46. Who usually controls language development?

(A) Right hemisphere

(B) Left hemisphere

(C) Cerebellum

(D) Corpus Callosum

46. भाषा विकास का नियंत्रण सामान्यतः कौन करता है?

(A) दायाँ गोलार्द्ध

(B) बायाँ गोलार्द्ध

(C) लघुमस्तिष्क

(D) कौरपस कैलोजम

47. Oedipus complex is related with-

(A) Male child

(B) Female child

(C) All children

(D) None of these

47. ओडीपस भावना ग्रन्थि सम्बन्धित है–

(A) लड़कों से

(B) लड़कियों से

(C) सभी बच्चों से

(D) इनमें से कोई नहीं

48. Who established the first psychological laboratory?

(A) William James

(B) William Wordsworth

(C) William Smith

(D) William Wundt

48. पहली मनोवैज्ञानिक प्रयोगशाला किसने स्थापित की?

(A) विलियम जेम्स

(B) विलियम वर्ड्सवर्थ

(C) विलियम स्मिथ

(D) विलियम वुण्डट

49. Who was the founder of Behaviourism?

(A) Thorndike

(B) Watson

(C) Skinner

(D) Pavlov

49. व्यवहारवाद का जनक कौन था?

(A) थार्नडाइक

(B) वाटसन

(C) स्किनर

(D) पावलाव

50. Four distinct stages of cognitive development are identified by-

(A) Kohlberg

(B) Vygotsky

(C) Piaget

(D) Skinner

50. संज्ञानात्मक विकास के चार अलग–अलग स्तरों की पहचान की–

(A) कोहलबर्ग ने

(B) व्यगोत्स्की ने

(C) पियाजे ने

(D) स्किनर ने

51. Which of the following are helpful for transfer of learning-

(A) Teaching Method

(B) Generalization

(C) Understanding

(D) All of the above

51. सीखने के स्थानान्तरण में सहायक हैं–

(A) शिक्षण विधि

(B) सामान्यीकरण

(C) समझ

(D) उपरोक्त सभी

52. Individual differences between two persons can be due to-

(A) Conflict between then

(B) Dissimilarities between their personalities

(C) Uniformity of personality among human beings

(D) None of these

52. दो व्यक्तियों के बीच वैयक्तिक भिन्नताहोने का क्या कारण हो सकता है–

(A) उनके बीच टकराव

(B) उनके व्यक्त्वि में असमानता

(C) मानव जाति के व्यक्तित्व में समानता

(D) इमनें से कोई नहीं

53. Which of the following is not the characteristic of introvert personality?

(A) Day dreamer

(B) Shy

(C) Anxious

(D) Aggressiveness

53. निम्न में से कौन अन्तर्मुखी व्यक्तित्व की विशेषता नहीं है?

(A) दिवास्वप्न देखने वाला

(B) शर्मीला होना

(C) चिन्ताग्रस्त

(D) आक्रामकता

54. Who has classified introvert and extrovert personality?

(A) Allport
(B) Jung
(C) Freud
(D) Adler

54. किसने अंतर्मुखी और बहिर्मुखी व्यक्तित्वका वर्गीकरण किया?

(A) आलपोर्ट
(B) जंग
(C) फ्रायड
(D) एडलर

55. The upper part of body develops earlier than the lower part is termed as.

(A) Proximodistal Tendency
(B) Cephalocaudal Sequence
(C) Spiral development
(D) None of these

55. जब निचले हिस्से की तुलना में शरीर के ऊपरी हिस्से का विकास पहले होता है, तो उसे कहा जाता है–

(A) समीपस्थ प्रवृत्ति
(B) मस्तकाद्योमुखी क्रम
(C) वर्तुलाकार विकास
(D) इनमें से कोई नहीं

56. All port said the integration and Consistency of traits-

(A) Disposition
(B) Identity
(C) Proprium
(D) Image

56. शीलगुणों के समन्वय तथा संगतता को आलपोर्ट ने कहा–

(A) प्रवृत्ति
(B) पहचान
(C) अपनापन
(D) प्रतिमा

57. How many types of personalities have been given by Sheldon on the basis of physique?

(A) 2
(B) 3
(C) 4
(D) 16

57. शैल्डन ने शारीरिक गठन के आधार पर व्यक्तित्व के कितने प्रकार बतायें?

(A) 2
(B) 3
(C) 4
(D) 16

58. To which language does the word 'Persona' belong?

(A) Greek
(B) English
(C) French
(D) Latin

58. 'पर्सोना' किस भाषा का शब्द है?

(A) यूनानी
(B) अंग्रेजी
(C) फ्रेन्च
(D) लैटिन

59. Morality based on rules established by others in called-

(A) Autonomous morality
(B) Heteronomous morality
(C) Moral equality
(D) None of these

59. दूसरों द्वारा स्थापित नियमों पर आधारित नैतिकता को कहते है–

(A) स्वनैतिकता
(B) विषम नैतिकता
(C) नैतिक समानता
(D) इनमें से कोई नहीं

60. Who constructed the first standardized intelligence test?

(A) Binet-Simon
(B) Terman
(C) Thrustone
(D) Wechsler

60. प्रथम मानकीकृतबुद्धि परीक्षण का निर्माण किसने किया?

(A) बिने–साइमन
(B) टर्मन
(C) थर्स्टन
(D) वैश्लर

61. Spearman propounded theory of intelligence-

(A) Two factor
(B) Multi factor
(C) Group factor
(D) Multiple Intelligence

61. स्पीयरमैन ने बुद्धि का कौन सा सिद्धान्त दिया–

(A) द्विकारक
(B) बहुकारक
(C) समूह कारक
(D) बहु–बुद्धि

62. Fitting new information into existing Scheme is known as:

(A) Accommodation

(B) Assimilation

(C) Disequilibrium

(D) Organization

62. मौजूदा स्कीम में नई जानकारी रखना कहा जाता है :

(A) समायोजन

(B) आत्मसातकरण

(C) असंतुलन

(D) संगठन

63. If mental age of a person is greater than his / her chronological age, then I.Q. of this person will be-

(A) 100

(B) Less than 100

(C) More than 100

(D) None of these

63. यदि किसी व्यक्ति की मानसिक आयु उसके वास्तविक तैथिक आयु से अधिक है, तो उस व्यक्ति की बुद्धिलब्धि होगी–

(A) 100

(B) 100 से कम

(C) 100 से अधिक

(D) इनमें से कोई नहीं

64. The name closely associated with moral development is-

(A) Vygotsky

(B) Kohler

(C) Maslow

(D) Kohlberg

64. नैतिक विकास से घनिष्ठ रूप से जुड़ा नाम है–

(A) व्यगोत्स्की

(B) कोहलर

(C) मास्लो

(D) कोहलबर्ग

65. Who propounded the classical conditioning theory?

(A) Skinner

(B) Pavlov

(C) Thorndike

(D) Watson

65. शास्त्रीय अनुबन्धन का सिद्धान्त किसने दिया?

(A) स्किनर

(B) पावलाव

(C) थार्नडाइक

(D) वाटसन

66. In which theory of learning do psychologists associate 'aha experience' with learning?

(A) Behaviourist theory

(B) Psycho-analytical theory

(C) Insight theory

(D) Humanistic theory

66. सीखने के किस सिद्धान्त में मनोवैज्ञानिक 'अहा अनुभव' को सीखने से जोड़ते हैं?

(A) व्यवहारवादी सिद्धान्त

(B) मनो विश्लेषण वादी सिद्धान्त

(C) सूझ सिद्धान्त

(D) मानववादी

67. Who described spatial intelligence as a type of intelligence?

(A) Spearman

(B) Guilford

(C) Cattell

(D) Gardner

67. किसने स्थानिक बुद्धि को बुद्धि का एक प्रकार बताया?

(A) स्पीयरमैन

(B) गिलफोर्ड

(C) कैटल

(D) गार्डनर

68. According to wood worth development is-

(A) Product of heredity and Environment

(B) Sum of Heredity and Environment

(C) Both (A) and (B)

(D) None of these

68. वुडवर्थ के अनुसार विकास है–

(A) आनुवांशिकता और पर्यावरण का गुणनफल

(B) आनुवांशिकता और पर्यावरण का योग

(C) (A)व (B)दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

69. Which of the following is not true about cognitive development theory of Piaget?

(A) It believes that development is a continuous process.
(B) It assumes that children learn through assimilation and accommodation.
(C) It believes that cognitive development takes place in four stages.
(D) Equilibration is a self-regulatory process.

69. निम्न में से कौन सा कथन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के लिए सही नहीं है?

(A) यह विश्वास करती है कि विकास एक सतत् प्रक्रिया है।
(B) यह मानती है कि बच्चे आत्मसातीकरण व समायोजन द्वारा सीखते हैं।
(C) यह विश्वास करती है कि संज्ञानात्मक विकास चार चरणों में होता है।
(D) साम्यधारण एक आत्म नियंत्रक प्रक्रिया है।

70. Thorndike did his main experiment of learning on-

(A) Dog
(B) Monkey
(C) Rat
(D) Cat

70. थार्नडाइक ने सीखने से सम्बन्धित अपना मुख्य प्रयोग किस पर किया था–

(A) कुत्ता
(B) बन्दर
(C) चूहा
(D) बिल्ली

71. The term intelligence quotient was introduced by-

(A) L. M. Terman
(B) J. P. Guilford
(C) Alfred Binet
(D) William Stern

71. बुद्धिलब्धि शब्द किसके द्वारा सर्वप्रथम प्रस्तुत किया गया–

(A) एल०एम०टर्मन
(B) जे०पी०गिलफोर्ड
(C) अल्फ्रेड बिने
(D) विलियम स्टर्न

72. Who first used the term mental test?

(A) Galton
(B) Cattell
(C) Binet
(D) Terman

72. मानसिक परीक्षण शब्द का प्रयोग सबसे पहले किसने किया?

(A) गाल्टन
(B) कैटल
(C) बिने
(D) टरमैन

73. The concept of 'Private speech' of children as proposed by Vygotsky-
(A) Shows that children love themselves.
(B) Illustrates that children use speech to guide their own action.
(C) Illustrate that children are egocentric.
(D) Shows that children are stupid.

73. व्यगोत्स्की के अनुसार बच्चों का 'निजी सम्भाषण'–
(A) यह प्रदर्शित करता है कि वे खुद से प्रेम करते हैं।
(B) यह बताता है कि बच्चे अपने इस सम्भाषण से अपनी क्रियाओं को निर्देशित करते हैं।
(C) यह बताता है कि बच्चे आत्मकेन्द्रित हैं।
(D) यह प्रदर्शित करता है कि बच्चे मूर्ख हैं।

74. At which stage most of the child's behaviour is based on basic instincts?
(A) Infancy
(B) Childhood
(C) Adolescence
(D) Adulthood

74. किस अवस्था में बालक का अधिकांश व्यवहार मूल प्रवृत्तियों पर आधारित होता है?
(A) शैशवावस्था
(B) बाल्यावस्था
(C) किशोरावस्था
(D) प्रौढ़ावस्था

75. Gestalt theory of learning is based on the idea of-
(A) Introspection
(B) Meditation
(C) Concentration
(D) Perception

75. सीखने का गेस्टाल्ट सिद्धान्त किस विचार पर आधारित है–
(A) अन्तः निरीक्षण
(B) ध्यान
(C) एकाग्रता
(D) प्रत्यक्षण

76. Gagne is well known for which of the following works?

(A) Conditioning Theory of learning

(B) Law of learning

(C) Conditions of learning

(D) Re enforcement theory

77. What is a major criticism of Kohlberg's theory of moral development?

(A) He proposed a theory without any empirical basis

(B) He proposed that moral reasoning is developmental

(C) He did not give clear cut stages of moral development

(D) He did not account for cultural difference in moral reasoning of men and women.

78. Who propounded the concept of mental age?

(A) J.P. Guilford

(B) Jean Piaget

(C) R.B. Cattell

(D) Alfred Binet

76. गैने निम्नलिखित में से किस कार्य के लिए प्रसिद्ध हैं?

(A) सीखने के अनुबन्धन सिद्धान्त

(B) सीखने के नियम

(C) सीखने की परिस्थितियाँ

(D) पुनर्बलन सिद्धान्त

77. कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धान्त की एक प्रमुख आलोचना क्या है?

(A) उसने बिना किसी अनुभवजन्य आधार के एक सिद्धान्त प्रस्तुत किया

(B) उसने कहा कि नैतिक तर्क विकासात्मक है

(C) उसने नैतिक विकास के स्पष्ट चरण नहीं दिये

(D) उसने पुरूषों और महिलाओं के नैतिक तर्क में सांस्कृतिक अन्तर को महत्व नहीं दिया

78. किसने मानसिक आयु के सम्प्रत्यय का प्रतिपादन किया?

(A) जे०पी० गिलफोर्ड

(B) जीन पियाजे

(C) आर०बी० कैटल

(D) अल्फ्रेड बिने

79. 'The principles of psychology' a book is written by-

(A) William Wundt
(B) William Wordsworth
(C) William James
(D) William Stern

79. 'द प्रिंसिपल्स ऑफ साइकोलॉजी' पुस्तक के लेखक हैं–

(A) विलियम वुण्डट
(B) विलियम वर्ड्सवर्थ
(C) विलियम जेम्स
(D) विलियम स्टर्न

80. Kohler belongs to learning theory-

(A) Behaviourism
(B) Gestalt
(C) Humanism
(D) Constructivism

80. कोहलर सीखने के किस तरह के सिद्धान्त से सम्बन्धित हैं–

(A) व्यवहारवाद
(B) समग्रवाद
(C) मानववाद
(D) संरचनावाद

81. Which development stage is called the stage of consolidation?

(A) Infancy
(B) Childhood
(C) Adolescence
(D) Old age

81. किस विकासात्मक अवस्था को दृढ़ीकरण की अवस्था कहा जाता है?

(A) शैशवावस्था
(B) बाल्यावस्था
(C) किशोरावस्था
(D) वृद्धावस्था

82. According to Cattell the most important stage of personality development is-

(A) Infancy
(B) Childhood
(C) Adolescence
(D) Adulthood

82. कैटल के अनुसार व्यक्तित्व विकास की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है–

(A) शैशवावस्था
(B) बाल्यावस्था
(C) किशोरावस्था
(D) प्रौढावस्था

83. What is not true about intelligence?

(A) Intelligence in the ability to learn.

(B) Intelligence is the ability of adjusting to new situations.

(C) Intelligence is an acquired ability.

(D) Intelligence is a way of acting.

83. बुद्धि के बारे में क्या सत्य नहीं है?

(A) बुद्धि सीखने की योग्यता है।

(B) बुद्धि नवीन परिस्थितियों में समायोजन की योग्यता है।

(C) बुद्धि एक अर्जित योग्यता हैं।

(D) बुद्धि कार्य करने की विधि है।

84. Which learning is Gagne's learning hierarchy is related to Pavlov's conditioning theory?

(A) Signal Learning

(B) Concept Learning

(C) Rule Learning

(D) Chain Learning

84. गैने के अधिगम पदानुक्रम में कौन सा अधिगम पावलाव के अनुबन्धन सिद्धान्त से सम्बन्धित है?

(A) संकेत अधिगम

(B) सम्प्रत्यय अधिगम

(C) नियम अधिगम

(D) श्रृंखला अधिगम

85. Which method provides better learning opportunities to the students taking into account the individual differences?

(A) Lecture method

(B) Demonstration Method

(C) Inductive Method

(D) Programmed Instruction

85. व्यक्तिगत भिन्नता को ध्यान में रखते हुए कौन सी विधि छात्रों को सीखने के बेहतर अवसर प्रदान करती है?

(A) व्याख्यान विधि

(B) प्रदर्शन विधि

(C) आगमन विधि

(D) अभिक्रमित अनुदेशन

86. The main purpose of brainstorming is-

(A) To solve problems

(B) To generate creative ideas

(C) Conflict resolution

(D) Identification of backward children

86. मस्तिष्क उद्वेलन का मुख्य उद्देश्य है–

(A) समस्याओं का हल करना

(B) सृजनात्मक विचारों को उत्पन्न करना

(C) विवादों को हल करना

(D) पिछड़े बच्चों की पहचान करना

87. Army Alpha Test is a-

(A) Verbal Intelligence Test

(B) Non-Verbal Intelligence Test

(C) Picture – Completion Test

(D) Mazes Test

87. आर्मी अल्फा परीक्षण है–

(A) शाब्दिक बुद्धि परीक्षण

(B) अशाब्दिक बुद्धि परीक्षण

(C) चित्रपूर्ति परीक्षण

(D) भूलभुलैया परीक्षण

88. At what stage is the tendency for delinquent behaviour more pronounced?

(A) Infancy

(B) Childhood

(C) Adolescence

(D) Old age

88. किस अवस्था में अपराधी व्यवहार की प्रवृत्ति अधिक स्पष्ट होती है?

(A) शैशवावस्था

(B) बाल्यावस्था

(C) किशोरावस्था

(D) वृद्धावस्था

89. Mental Health is-

(A) Formal level of cognitive Development

(B) Full Harmonious functioning of the whole personality

(C) Increasing mental ability

(D) None of these

89. मानसिक स्वास्थ्य है–

(A) संज्ञानात्मक विकास का औपचारिक स्तर

(B) सम्पूर्ण व्यक्तित्व का पूर्ण सामंजस्य के साथ कार्य करना

(C) मानसिक योग्यता में वृद्धि

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

90. Phobia is-
(A) Abnormal fear
(B) Regression
(C) Feeling Inferior
(D) Anxiety

91. Functions of mental Hygiene are-
(A) Maintenance of Mental Health
(B) Prevention of Mental Disorders
(C) Treatment of Mental Disorders
(D) All of the above

92. Negative reinforcement is-
(A) Whose presence increases the probability of the desired response
(B) Whose presence decreases the probability of the desired response
(C) Whose absence increases the probability of the desired response
(D) Whose absence decreases the probability of the desired response

90. फोबिया है–
(A) असामान्य डर
(B) प्रतीयगमन
(C) अपने को कमतर समझना
(D) चिन्ता

91. मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान के कार्य हैं–
(A) मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करना
(B) मानसिक रोगों की रोकथाम करना
(C) मानसिक रोगों का उपचार करना
(D) उपरोक्त सभी

92. नकारात्मक पुनर्बलन है–
(A) जिसकी उपस्थिति से वांछित अनुक्रिया की सम्भावना बढ़ जाती है।
(B) जिसकी उपस्थिति से वांछित अनुक्रिया की सम्भावना कम हो जाती है।
(C) जिसकी अनुपस्थिति से वांछित अनुक्रिया की सम्भावना बढ़ जाती है।
(D) जिसकी अनुपस्थिति से वांछित अनुक्रिया की सम्भावना कम हो जाती है।

93. Which of the following is not a major law of learning?

(A) Law of Exercise
(B) Law of Effect
(C) Law of Analogy
(D) Law of Readiness

93. निम्न में से कौन सीखने का मुख्य नियम नहीं है?

(A) अभ्यास का नियम
(B) प्रभाव का नियम
(C) सादृश्यता का नियम
(D) तत्परता का नियम

94. When a person weeps to get relief, this behaviour involves?

(A) Rationalization
(B) Regression
(C) Repression
(D) Compensation

94. जब कोई व्यक्ति दुखद अनुभूति से मुक्ति पाने के लिए रोने लगता है तब उसके व्यवहार में क्या सम्मिलित होता है?

(A) औचित्य स्थापना
(B) प्रतिगमन
(C) दमन
(D) क्षतिपूर्ति

95. Which of the following is a dimension of creativity?

(A) Collaboration
(B) Elaboration
(C) Feasibility
(D) None of these

95. निम्न में से कौन सृजनात्मकता की एक विभा है?

(A) सहयोग
(B) विस्तारण
(C) साध्यता
(D) इनमें से कोई नहीं

96. Which of the following is an important feature of creativity?

(A) Hyperactivity
(B) Inattentiveness
(C) Low comprehension
(D) Divergent Thinking

96. निम्न में से कौन सृजनात्मकता की एक महत्वपूर्ण विशेषता है?

(A) अति सक्रिय
(B) लापरवाह
(C) निम्न अवबोध
(D) अपसारी चिन्तन

97. A Student aspires to get 'A' in his school final examination, which of the following will best explain his motivation?

(A) Need for achievement
(B) Need for affiliation
(C) Need for actualization
(D) None of these

98. A student fails in the examination and attributes his failure to the framing of faulty question paper. which defence mechanism does he use?

(A) Identification
(B) Compensation
(C) Rationalization
(D) Projection

99. Who did the first standardization of the Binet intelligence test in Indian Conditions?

(A) C.H. Rice
(B) M.C. Joshi
(C) S. Jalota
(D) C.M. Bhatia

100. How many types of intelligence did Thorndike identify?

(A) 4
(B) 3
(C) 2
(D) 7

97. एक छात्र विद्यालय की अन्तिम परीक्षा में'A' प्राप्त करने की आकांक्षा रखता है। उसके अभिप्रेरणा को निम्न में से कौन बेहतर ढंग से व्यक्त करता है?

(A) उपलब्धि की आवश्यकता
(B) यथार्थीकरण की आवश्यकता
(C) सम्बद्धीकरण की आवश्यकता
(D) इनमें से कोई नहीं

98. एक छात्र परीक्षा में असफल होने पर अपनी असफलता का कारण प्रश्न पत्र के गलत ढंग से बने होने को मानता है,यह किस तरह की रक्षात्मक युक्ति है?

(A) तादात्म्य स्थापित करना
(B) क्षतिपूर्ति
(C) औचित्य स्थापना
(D) प्रक्षेपण

99. भारतीय परिस्थितियों में बिने की बुद्धि परीक्षण का सबसे पहले प्रमाणीकरण किसने किया?

(A) सी०एच० राइस
(B) एम०सी० जोशी
(C) एस० जलोटा
(D) सी०एम० भाटिया

100. थार्नडाइक ने बुद्धि के कितने प्रकार बताएं?

(A) 4
(B) 3
(C) 2
(D) 7

******

**Rough Work / रफ कार्य**

**Rough Work / रफ कार्य**

**DO NOT OPEN THE QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO**

1. Examinee should enter his / her roll number, subject and Question Booklet Series correctly in the O.M.R. sheet, the examinee will be responsible for the error he / she has made.
2. **This Question Booklet contains 100 questions, out of which only 75 Question are to be Answered by the examinee. Every question has 4 options and only one of them is correct. The answer which seems correct to you, darken that option number in your Answer Booklet (O.M.R ANSWER SHEET) completely with black or blue ball point pen. If any examinee will mark more than one answer of a particular question, then the first most option will be considered valid.**
3. Every question has same marks. Every question you attempt correctly, marks will be given according to that.
4. Every answer should be marked only on Answer Booklet **(O.M.R ANSWER SHEET).**Answer marked anywhere else other than the determined place will not be considered valid.
5. Please read all the instructions carefully before attempting anything on Answer Booklet**(O.M.R ANSWER SHEET).**
6. After completion of examination please hand over the Answer Booklet **(O.M.R ANSWER SHEET)** to the Examiner before leaving the examination room.
7. There is no negative marking.

**Note:** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly in case there is an issue please ask the examiner to change the booklet of same series and get another one.